# 2022

## HINDI

## ( Honours Generic/Regular )

Paper : HIN–HG/RC–1016

**( हिन्दी साहित्य का इतिहास )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) हिन्दी साहित्य का इतिहास लिखने वाले प्रथम भारतीय लेखक कौन हैं?

(ख) किस विद्वान ने आदिकाल के लिए 'सिद्ध–सामन्त–काल' नाम का प्रयोग किया है?

(ग) 'गोरखबानी' ग्रंथ के सम्पादक कौन हैं?

(घ) आदिकाल में खड़ीबोली को काव्य की भाषा बनाने वाले पहले कवि कौन थे?

(ङ) विद्यापति-विरचित 'पदावली' की भाषा क्या है?

(च) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने भक्तिकाल की अंतिम सीमा क्या मानी है?

(छ) डॉ० गणपतिचन्द्र गुप्त ने किसे हिन्दी सूफी काव्य-परम्परा के प्रथम कवि के रूप में स्वीकार किया है?

(ज) 'वैराग्य संदीपनी' के रचयिता कौन हैं?

(झ) भक्त कवयित्री मीराँबाई की काव्य-भाषा क्या है?

(ञ) 'रीति' शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत की किस धातु से हुई है?

(ट) आचार्य केशवदास-कृत 'रामचन्द्रिका' की रचना कब हुई थी?

(ठ) "वे न शास्त्रकार थे, न शास्त्र के भाष्यकार; उनका काम तो शास्त्र की परम्परा को सरस रूप में हिन्दी में अवतरित करना था और इसमें वे निश्चय ही कृतकार्य हुए।" रीतिकालीन कवियों को 'कवि शिक्षक' के रूप में आचार्य मानने के संदर्भ में प्रस्तुत कथन किस विद्वान का है?





(ड) कविवर भूषण द्वारा विरचित किसी एक अलंकार-निरूपक ग्रंथ का नामोल्लेख कीजिए।

(ढ) 'आधुनिक' शब्द का तात्पर्य बताइए।

(ण) मैथिलीशरण गुप्त का जन्म कहाँ हुआ था?

(त) प्रसाद-कृत 'कामायनी' का प्रकाशन-वर्ष क्या है?

(थ) किस काव्य-कृति के लिए रामधारी सिंह 'दिनकर' को ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

(द) 'संसद से सड़क तक' किसका कविता-संग्रह है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) डॉ० रामकुमार वर्मा ने हिन्दी साहित्य के आरंभिक काल की सीमा कब-से-कब तक मानी है? उन्होंने इस आरंभिक कालखण्ड को किस नाम से अभिहित किया है?

(ख) 'श्रावकाचार' किसकी रचना है? इसकी मूल विषयवस्तु क्या है?

(ग) महात्मा कबीरदास की काव्य-भाषा की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(घ) 'पद्मावत' का रचनाकाल क्या है? 'पद्मावत' के अतिरिक्त कविवर जायसी-कृत एक कृति का नाम बताइए।

(ङ) पुष्टिमार्गीय भक्ति का तात्पर्य क्या है?

(च) कविवर देव-विरचित किन्हीं दो रीति-निरूपक कृतियों के नाम लिखिए।

(छ) रीतिमुक्त काव्यधारा की किन्हीं दो प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

(ज) 'सरस्वती' पत्रिका का प्रकाशन किस ई० सन् में हुआ था? आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी किस वर्ष इसके सम्पादक बने थे?

(झ) खड़ीबोली में लिखा गया प्रथम महाकाव्य क्या है? उसके प्रकाशन-वर्ष का उल्लेख कीजिए।

(ञ) नई कविता की कोई दो विशेषताएँ बताइए।





**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×4=20

(क) हिन्दी साहित्य के प्रारंभिक कालखण्ड को 'आदिकाल' नाम से अभिहित करना कितना तर्कसंगत है? स्पष्ट कीजिए।

(ख) आदिकालीन सिद्ध साहित्य के किसी एक प्रमुख कवि का परिचय दीजिए।

(ग) भक्ति-आन्दोलन के उद्भव के किन्हीं दो प्रमुख कारणों को रेखांकित कीजिए।

(घ) गोस्वामी तुलसीदास की किन्हीं दो काव्यगत विशेषताओं का सोदाहरण उल्लेख कीजिए।

(ङ) क्या आचार्य चिंतामणि त्रिपाठी को रीतिकाल का प्रवर्तक माना जा सकता है? सतर्क उत्तर दीजिए।

(च) कविवर बिहारीलाल की लोकप्रियता पर एक टिप्पणी लिखिए।

(छ) आधुनिककालीन भारतीय नवजागरण (रेनासां) में ब्रह्म समाज की भूमिका पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए।

(ज) छायावादयुगीन काव्यधारा की किन्हीं दो प्रमुख भाषिक विशेषताओं को उदाहरण सहित दर्शाइए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) आदिकालीन रासो काव्यधारा की प्रमुख कृतियों और उनके कवियों का नामोल्लेख करते हुए इस काव्यधारा की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(ख) आदिकाल की साहित्यिक उपलब्धियों पर एक लेख लिखिए।

(ग) सन्त और सूफी काव्यधाराओं के साम्य-वैषम्य को स्पष्ट कीजिए।

(घ) रामभक्ति काव्यधारा की प्रमुख विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ङ) कृष्णभक्ति काव्यधारा में महाकवि सूरदास का स्थान निर्धारित कीजिए।

(च) उत्तर-मध्यकाल को 'शृंगारकाल' कहना अधिक उपयुक्त है या 'रीतिकाल'—सतर्क विवेचन कीजिए।

(छ) रीतिमुक्त काव्यधारा को कविवर घनानन्द की देन पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ज) भारतेन्दुयुगीन काव्यधारा की प्रमुख प्रवृत्तियों को रेखांकित कीजिए।



( *Continued* )



(झ) प्रयोगवादी काव्यधारा में कविवर अज्ञेय के महत्त्व का सोदाहरण आकलन कीजिए।

(ञ) साठोत्तरी कविता-परम्परा में सुदामा पाण्डेय 'धूमिल' के योगदान पर प्रकाश डालिए।

★★★